# कार्यालय मुख्य अग्निशमन अधिकारी, वाराणसी।

पत्र संख्याः एसटी/एफएस/आई–3(स्कूल/सी)/2016 दिनांक जनवरी 27 . 2021

सेवा में,

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
वाराणसी।

विषयः विद्यालय भवन केन्द्रीय विद्यालय 39 जी0टी0सी0 कैन्ट, वाराणसी में अधिष्ठापित जीव रक्षा प्रणाली एवं अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था निरीक्षण कर क्रियाशीलता प्रमाण पत्र के सम्बन्ध में।

संदर्भः आवेदक के पत्र दिनांकः 17.01.2021

कृपया आवेदक के उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र का अवलोकन करें, जो विद्यालय भवन केन्द्रीय विद्यालय 39 जी0टी0सी0 कैन्ट, वाराणसी का अग्निशमन सुरक्षा की दृष्टि से निरीक्षण कर, आख्या उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गयी है।

उपरोक्त सम्बन्ध में इस कार्यालय के समांक पत्र दिनांकः 28.03.2018 का अवलोकन करें, जिसमें अंकित है कि:–

"अतः उपरोक्तानुसार विद्यालय भवन केन्द्रीय विद्यालय 39 जी0टी0सी0 कैन्ट, वाराणसी में स्थापित अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था को सदैव कार्यशील दशा में बनाये रखने तथा शपथ पत्र दिनांकः 17.03.2018 में उल्लेखित शर्तों कापालन किये जाने एवं अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्थाओं को प्रत्येक वर्ष अग्निशमन विभाग से निरीक्षण/परीक्षण कराकर, विहित फीस राजकीय कोष में जमाकर, प्राप्त पत्र का नवीनीकरण कराये जाने की शर्त पर अग्निशमन उपकरणों की क्रियाशीलता प्रमाण पत्र निर्गत किया जाता है, जो निर्गत तिथि से एक वर्ष तक के वैध होगा।

उपरोक्त दिये गये शर्तों का पालन न किये जाने तथा सुरक्षा व्यवस्था के अकार्यशील दशा में पाये जाने पर, निर्गत पत्र स्वतः निरस्त समझा जायेगा।"

उ0प्र0 शासन के आदेश संख्याः 1765/छः–पु0–8–2017–905(34)/2016 दिनांकः 16.02.2018 व मुख्यालय फायर सर्विस उ0प्र0 लखनऊ के निर्देशानुसार समस्त प्रकार की आख्या तीन वर्ष के लिये निर्गत किया जा रहा है।

अतः आपके विद्यालय भवन केन्द्रीय विद्यालय 39 जी0टी0सी0 कैन्ट, वाराणसी में स्थापित अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण आख्या इस शर्त पर निर्गत तिथि से तीन वर्ष के लिए निर्गत किया जाता है कि, आवेदक नियत तिथि के उपरान्त **upfireservice.gov.in** पर आन लाइन आवेदन पत्र प्रस्तुत कर, अग्निशमन सम्बन्धी अनापत्ति प्रमाण पत्र आवेदक द्वारा प्राप्त किया जाना आवश्यक होगा।

( अनिमेष सिंह )
मुख्य अग्निशमन अधिकारी,
(अनिमेष सिंह)
मुख्य अग्निशमन अधिकारी
वाराणसी।

27 JAN 2021

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रधानाचार्य, केन्द्रीय विद्यालय 39 जी0टी0सी0 कैन्ट, वाराणसी।
2. अग्निशमन अधिकारी चेतगंज, वाराणसी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner